प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस और टीएमसी को घेरा है। पश्चिम बंगाल में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार विकसित राष्ट्र में आधी आबादी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कृतसंकल्पित है। टीएमसी ने कांग्रेस के साथ साजिश रचकर महिलाओं के लिए तैंतीस प्रतिशत सीट सुरक्षित रखने का कानून नहीं बनने दिया। श्री मोदी ने घुसपैठ और जनजातीय समुदायों की उपेक्षा पर भी टीएमसी को घेरा।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकभवन में पुनर्वा नामक पुस्तक का आज लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, पूर्व सांसद रवीन्द्र राय और अजय मारू समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्री गंगवार ने पुस्तक लेखन के लिए बधाई दी और भरोसा जताया कि यह पुस्तक पाठकों के लिए प्रेरणादायक और उपयोगी सिद्ध होगी।

****

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर प्रदेश भाजपा ने इंडी गठबंधन सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनायी है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने आरोप लगाया है कि राज्य में महिला अपराध में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म पीड़िता मेडिकल छात्रा को न्याय दिलाने और विधि व्यवस्था के मुद्दे पर पार्टी ने चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। भाजपा रांची महानगर द्वारा आज मशाल जुलूस निकाला जाएगा। वहीं कल रांची स्थित वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय का पार्टी द्वारा घेराव किया जाएगा।

****

जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज राज्यभर के पांच सौ साठ केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से ली जा रही है। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। दस बजे से बारह बजे तक पहली पाली में जनरल स्टडीज पेपर वन की परीक्षा हुई, जबकि दूसरी पाली में तीन बजे से शाम पांच बजे तक पेपर टू की परीक्षा हो रही है। आयोग द्वारा सभी केन्द्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये थे। गुमला के बारह परीक्षा केन्द्रों पर करीब साढ़े चार हजार परीक्षाथी प्रारंभिक परीक्षा दे रहे हैं।

****

पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर केन्द्र सरकार की लगातार नजर है। ईंधन आपूर्ति पर सरकार का खास जोर है, ताकि नागरिकों को कोई असुविधा न हो। एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति देशभर में सामान्य है। सरकार ने लोगों से घबराहट में खरीदारी नहीं करने का आग्रह किया है। राजधानी रांची में भी एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी पर भी सख्त कार्रवाई की जा रही है।

****

अक्षय तृतीया पर आज झारखंड समेत देशभर के मंदिरों में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए लगातार पहुंच रहे हैं। अयोध्या श्रीराम जन्म भूमि मंदिर समेत अन्य मंदिरों में आस्था का सैलाब दिख रहा है। अक्षय तृतीया को लेकर बाजारों में भी रौनक है।

****

चार धाम यात्रा आज से शुरू हो गयी है। भक्तों के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोल दिये गये हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से आये श्रद्धालु यहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

****

केंद्र सरकार की 'फिट इंडिया' योजना के तहत हजारीबाग जिले के पदमा स्थित साई सेंटर में आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को सशक्त, निरोग तथा शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना था। कार्यक्रम में भाग लेने वाली बच्चियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें फिट और स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलती है।

****

मौसम विज्ञान केन्द्र के तात्कालिक पूर्वानुमान में बताया गया है कि गुमला और सिमडेगा जिले के कुछ हिस्सों में अगले कुछ घंटे में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवा चल सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*******समाप्त************